RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई, सोमवार 29 सितम्बर 2025 | वर्ष 07 | अंक 163 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

**मुंबई : अवैध रूप से रहने के आरोप में पाँच बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार**



Page - 2

## मुंब्रा में रिश्वत लेते ASI रंगे हाथों गिरफ्तार

### 25 हजार रुपये की मांग हुई फेल



**मुंबई :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने मुंब्रा के एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (अरक्ष) शशिकांत लक्ष्मण भालेराव को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एएसआई भालेराव ने मुंब्रा पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। बाद में दोनों पक्षों के बीच 25,000 रुपये देने का तय किया गया था।

शिकायतकर्ता के स्कूटर को जब्त कर लेने के बाद एएसआई ने मदद करने और वाहन वापस दिलाने का बहाना बनाकर रकम की मांग की। इसके बाद शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ठाणे में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद ठाणे ACB ने कार्रवाई शुरू की और एएसआई को रंगे हाथों पकड़ लिया।

पुलिस अधीक्षक पाटिल और अपर पुलिस अधीक्षक सोनावणे के मार्गदर्शन में हुई इस कार्रवाई से प्रशासन ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश दिया है। एएसआई भालेराव के खिलाफ सरकारी नियमों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने इस गिरफ्तारी पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से जनता का भरोसा पुलिस और प्रशासन में बढ़ेगा। एसीबी ने कहा कि किसी भी सरकारी अधिकारी द्वारा रिश्वत मांगने की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश पर सियासी महाभारत...

## शिवसेना-कांग्रेस ने फडणवीस सरकार को घेरा

### संजय राउत ने किसे कहा निकम्मा?





**महाराष्ट्र :** भारी बारिश के कारण महाराष्ट्र में हाहाकार मचा हुआ है। राज्य के कई जिलों में किसानों की तैयार फसल बरसाती बाढ़ में बह गई है तो वहीं घरों में पानी भरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आसमानी आपदा से निपटने तथा प्रभावित लोगों की मदद करने में सरकार के पसीने छूट रहे हैं। इस बीच विपक्ष को इस आपदा में सरकार पर हमला बोलने के अवसर मिल गया है। विपक्ष के नेता बारिश के कारण प्रभावित किसानों एवं ग्रामीणों की ज्यादा से ज्यादा मदद की मांग करके सरकार को घेरने का प्रयास कर रहे हैं।

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने महायुति सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि मराठवाड़ा में आई बाढ़ में लोकतंत्र बह गया है। इस दौरान उन्होंने आधे मंत्रिमंडल को बेकार और निकम्मा घोषित कर दिया। उन्होंने आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि फडणवीस और उनके सहयोगियों ने विपक्ष का नेता नहीं बनने दिया।

#### किसानों का अपमान न करें...

महाराष्ट्र विधानसभा में कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने सरकार से सवाल किया कि किसानों के सवाल पर मंत्रियों को गुस्सा क्यों आता है? वडेट्टीवार ने कहा कि मराठवाड़ा के धाराशिव से लेकर सोलापुर और अन्य जिलों के साथ-साथ उत्तर महाराष्ट्र के बागानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों की हालत इस समय ऐसी है कि एक एकड़ में एक क्विंटल सोयाबीन का भी उत्पादन नहीं किया जा सकता। ऐसी विषम परिस्थितियों की वजह से राज्य में गीला अकाल घोषित करना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि शनिवार को यवतमाल जिले के दौरे के दौरान हमने किसानों के दर्द को महसूस किया। राज्य को केंद्र से ठोस मदद मिलनी चाहिए और तुरंत एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) की एक टीम भेजनी चाहिए। लेकिन, ऐसे संकेत देखने को नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसान मदद के बारे में पूछ रहे हैं, तो गुस्से में हम कंचे खेलने नहीं आए हैं, ऐसा जवाब न दें। किसानों का अपमान न करें। सरकार को किसानों को प्रति हेक्टेयर 50,000 रुपए की सहायता देनी चाहिए।

## 7 माह में 405 पशुओं का इलाज, 33 सर्जरी... वसई पशु चिकित्सालय बना पशु प्रेमियों की नई उम्मीद




**वसई :** वसई-विरार क्षेत्र में फरवरी 2025 में शुरू हुआ नया पशु चिकित्सालय अब किसानों और पशु प्रेमियों की बड़ी राहत बन गया है। पहले जहां घायल और बीमार पशुओं का इलाज कराने के लिए लोगों को दूर-दराज के शहरों तक जाना पड़ता था, वहीं अब अपने ही इलाके में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह अस्पताल उनकी उम्मीदों का सहारा बन गया है। केवल सात महीनों में यहां 405 पशुओं का सफल इलाज किया गया है। इनमें से 33 पशुओं की छोटी-बड़ी सर्जरी की गई, जिसमें गाय, कुत्ते, बिल्लियां और पक्षी शामिल हैं। इतना ही नहीं, कृत्रिम गभाधान के जरिए 372 गाय और भैंसों का इलाज किया गया है। इससे स्थानीय दुग्ध उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है और उनके पशुधन की सेहत भी बेहतर हो रही है। अस्पताल की स्थापना 3.5 करोड़ रुपये की लागत से 6,800 वर्गफुट क्षेत्र में की गई है। इसमें आधुनिक एक्स-रे मशीन, गाय उठाने वाली मशीन और संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## मुंबई एयरपोर्ट पर मॉइस्चराइजर की बोतलों में मिली 15 करोड़ की कोकीन

## केन्या की महिला गिरफ्तार...






**मुंबई :** DRI मुंबई की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक विदेशी महिला यात्री को मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ा. यह महिला 16 मई 2025 को अदीस अबाबा (इथियोपिया) से मुंबई पहुंची थी. जांच के दौरान उसके सामान की तलाशी ली गई, जिसमें दो मॉइस्चराइजर लोशन की बोतलों में 1571 ग्राम चिपचिपा तरल पदार्थ मिला. DRI ने बताया कि फील्ड टेस्ट किट से जांच करने पर पाया गया कि यह चिपचिपा पदार्थ 'कोकीन' है, जो मादक पदार्थ अधिनियम (NDPS Act, 1985) के तहत प्रतिबंधित ड्रग्स की श्रेणी में आता है. तस्करी की इस खास तरकीब (Modus Operfdi) में ड्रग को मॉइस्चराइजर की बोतलों में छिपाया गया था, ताकि इसका रंग और बनावट लोशन जैसी लगे और शक न हो. लेकिन DRI की सतर्कता के चलते इस तस्करी का भंडाफोड़ हो गया.

**महिला को किया गया गिरफ्तार**

जब्त की गई 1571 ग्राम लिक्विड कोकीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 15.71 करोड़ रुपये बताई जा रही है. DRI ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है और NDPS कानून के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

**पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच की जा रही है**

DRI की यह कार्रवाई ''नशा मुक्त भारत'' के लक्ष्य की दिशा में एक सख्त और मजबूत कदम है. जांच एजेंसी अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है, ताकि ऐसे संगठनों की जड़ तक पहुंचा जा सके जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ड्रग्स की तस्करी में शामिल हैं.

## भिवंडी मनपा आयुक्त अनमोल सागर की सख्ती...

### पानी चोरों पर कसा शिकंजा



**भिवंडी :** मनपा आयुक्त अनमोल सागर की सख्ती से पानी चोरी करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है। हाल ही में धोबी तालाब स्टेडियम क्रांति साइजिंग के सामने रोशन बाग में एक पलंबर ने बिना मंजूरी के सड़क खुदाई कर इमारत में जल निकासी लाइनें बिछाई थीं। जलापूर्ति विभाग ने इस पर 98,000 रुपये का जुर्माना लगाया और भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में पानी चोरी और सरकारी संपत्ति नुकसान का मामला दर्ज किया गया।

केसर बाग में भी अवैध नल कनेक्शन का मामला सामने आया, जिसे जलापूर्ति विभाग की टीम ने तुरंत संज्ञान में लिया और कार्रवाई शुरू की। वहीं, दरगाह रोड स्थित चार चाली निवासी समीर मोहम्मद यूसुफ मोमिन ने 6 मंजिला इमारत में आधा इंच व्यास की पांच पाइपों के अनधिकृत कनेक्शन लगाए। मनपा ने उन पर 60,000 रुपये का आर्थिक दंड ठोंकते हुए पुलिस में आपराधिक मामला दर्ज कराया।

यह कार्रवाई प्रशासक और आयुक्त अनमोल सागर के आदेश पर जलापूर्ति अभियंता संदीप पटनवार के मार्गदर्शन में उप अभियंता सरफराज अंसारी और वाटर टास्क फोर्स प्रमुख नफीस मोमिन एवं विराज भोईर की टीम ने की। जलापूर्ति विभाग कार्यकारी अभियंता संदीप पटनवार ने बताया कि विभाग लगातार अवैध कनेक्शन और पानी चोरी करने वालों पर नजर रख रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि सभी लोग वैध तरीके से नल कनेक्शन लें और मनपा के सहयोग से जलापूर्ति व्यवस्था में भाग लें।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## अब 'अति पिछड़े'

पिछड़े, अंततः, पिछड़े ही रहे हैं और संभवतः इसी हाल में रहेंगे। वे कभी अगड़े नहीं बन सकते, क्योंकि सरकारें ऐसा चाहती हैं। बिहार में चुनाव का वक्त आया है, तो फिर 'अति पिछड़ों' की याद चली आई है। देश की आजादी के 78 लंबे सालों के दौरान पिछड़ों को 'आरक्षण का चुग्गा' जरूर दिया जाता रहा है, लेकिन वह भी 'अति सीमित' है, लिहाजा पिछड़े कभी भी अगड़े नहीं बन सकते। शायद यही उनकी नियति है। तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने 1990 में मंडल आयोग की सिफारिशों को स्वीकृति देकर लागू किया था, तो पिछड़ों के कुछ नसीब खुले थे। अब एक बार फिर जातीय गणना और आरक्षण की घोषणाएं की गई हैं। कांग्रेस ने संकल्प लिया है कि बिहार में उसकी सरकार बनी, तो सरकारी ठेकों में 50 फीसदी तक आरक्षण 'अति पिछड़ों' को दिया जाएगा। निजी शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए भी आरक्षण लागू किया जाएगा। पंचायतों और नगर निकायों में अभी तक जो 20 फीसदी आरक्षण है, उसे बढ़ा कर 30 फीसदी किया जाएगा। हम याद दिला दें कि जब 2005 में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने थे, तो उन्होंने 'अति पिछड़ों' का एक अलग वर्गीकरण किया था और उन्हें पहली बार पंचायतों और नगर निकायों में 20 फीसदी आरक्षण की सुविधा दी थी। यही नहीं, उस दौर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 40.05 करोड़ रुपए की राशि भी आवंटित की थी। नतीजतन तब से आज तक 'अति पिछड़े' नीतीश के पक्ष में लामबंद रहे हैं। करीब 70-80 फीसदी तक मतदान भी जनता दल-यू के पक्ष में किया जाता रहा है। अब कांग्रेस ने कुछ घोषणाएं कर नीतीश के वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश की है। कांग्रेस ने अपने 'संकल्प-पत्र' में यह भी वायदा किया है कि सरकार बनने पर वह 'अति पिछड़ा अत्याचार निवारण अधिनियम' भी पारित करेगी। बेशक नीतीश भी अपना वोट बैंक बचाए रखने को कुछ बड़ी आरक्षणनुमा घोषणाएं कर सकते हैं। वैसे आज प्रधानमंत्री मोदी के जरिए मुख्यमंत्री ने 75 लाख महिलाओं को 10,000 रुपए प्रति, यानी 7500 करोड़ रुपए, योजना का शुभारंभ कराया है। बेरोजगार युवाओं के लिए मासिक भत्ता, स्नातकों के लिए लैपटॉप आदि कई घोषणाओं की झड़ी लगी है। बहरहाल सवाल फिर भी यथावत है कि क्या ऐसी घोषित व्यवस्थाओं से अति पिछड़े 'अगड़े' बन सकेंगे।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group
editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok
ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : POCSO मामले में लगातार 10 दिन तक सीसीटीवी फुटेज और खबरी नेटवर्क की मदद से आरोपी गिरफ्तार...



**मुंबई** : पुलिस की अपराध प्रकटीकरण टीम ने सांताक्रूज पुलिस स्टेशन में दर्ज एक ढडउरड मामले में बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने लगातार 10 दिन तक सीसीटीवी फुटेज और खबरी नेटवर्क की मदद से आरोपी की तलाश की और आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया. यह मामला 16 सितंबर 2025 की रात विले पार्ले पश्चिम इलाके का है. 52 वर्षीय शिकायतकर्ता ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि उनकी 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली बेटी मेडिकल स्टोर और जनरल स्टोर से सामान लेकर घर लौट रही थी. उसी दौरान सेंट ब्रान्झ रोड, विले पार्ले गावठाण के पास एक अनजान युवक ने अचानक पीछे से आकर उसका चेहरा ढक दिया और छेड़छाड़ कर फरार हो गया. पीड़िता ने घर पहुंचकर पूरी घटना अपनी मां को बताई और फिर परिवार पुलिस स्टेशन पहुंचा.

**FIR दर्ज कर जांच की शुरू**

शिकायत के आधार पर सांताक्रूज पुलिस स्टेशन में अज्ञात शख्स के खिलाफ BNS की धारा 74, 78 बी और पॉक्सो एक्ट की धारा 8, 12 के तहत FIR दर्ज कर जांच शुरू की. असिस्टेन्ट पुलिस निरीक्षक तुषार सावंत और असिस्टेंट पुलिस निरीक्षक संजय कल्हाटकर की टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी की तस्वीरें आसपास के पुलिस स्टेशनों जुहू, वाकोला और विले पार्ले पुलिस स्टेशन के पेट्रोलिंग टीम को भेजीं.

**पूछताछ में कर लिया अपराध कबूल**

सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की स्पष्ट पहचान हुई और पता चला कि वह नेहरू नगर, जुहू पुलिस थाना क्षेत्र में आता-जाता है. स्थानीय खबरी और निगरानी के जरिए पुलिस ने संदिग्ध युवक को चिन्हित किया और उसे जुहू के नेहरू नगर इलाके से हिरासत में लिया. पूछताछ में उसने अपराध कबूल कर लिया.

**आरोपी करता है मजदूरी**

गिरफ्तार आरोपी का नाम पप्पू जागील नायक है जिसकी उम्र 20 साल है, जो विले पार्ले पश्चिम के मिठीभाई कॉलेज के पीछे इलाके में मजदूरी करता है. उसका पैतृक गांव बोरमपुर, जिला गंजम, ओडिशा है. सांताक्रूज पुलिस ने आरोपी को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जारी है.

# मुंबई : अवैध रूप से रहने के आरोप में पाँच बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**मुंबई** : जोगेश्वरी पुलिस ने भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में पाँच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। 38 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक सलीम मोल्ला दहिसर पश्चिम में रहता है, जबकि अन्य चार मीरा रोड पूर्व में रहते हैं। आवश्यक प्रक्रियाएँ पूरी करने के बाद, पुलिस पाँचों व्यक्तियों को बांग्लादेश भेज देगी। जोगेश्वरी पुलिस के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि एक बांग्लादेशी नागरिक जोगेश्वरी पुलिस क्षेत्राधिकार में आने वाला है। सूचना के आधार पर, 16 सितंबर को पुलिस ने जोगेश्वरी पूर्व स्थित एमएमआरडीए कॉलोनी के सामने जाल बिछाया। संदिग्ध के वहाँ पहुँचने पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर, संदिग्ध की पहचान सलीम मोल्ला के रूप में हुई, जो एक इलेक्ट्रीशियन है और दहिसर पश्चिम में रहता है और वह बिना उचित दस्तावेजों के भारत में रह रहा है। पूछताछ के दौरान, पुलिस को पता चला कि चार और बांग्लादेशी नागरिक मीरा रोड पूर्व में रह रहे हैं। इसके बाद, 19 सितंबर को, पुलिस ने चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया जो बिना उचित दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे। चारों बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान नन्नू शेख (32), रुखसाना शेख (30), महक शेख (9) और मरियमसोफी (5) के रूप में हुई है। ये चारों बांग्लादेश के नवग्राम गाँव के रहने वाले हैं। मोल्ला बांग्लादेश के सुक्तग्राम गाँव का रहने वाला है।

# वर्ली-बांद्रा सी लिंक पर टैक्सी और कार के बीच टक्कर

## टैक्सी चालक और एक यात्री घायल, दोनों की हालत स्थिर



**मुंबई** : वर्ली-बांद्रा सी लिंक पर एक टैक्सी और हुंडई वरना कार के बीच टक्कर हो गई। टैक्सी चालक और एक यात्री घायल हो गए हैं और दोनों की हालत स्थिर है। दोनों वाहन उत्तर की ओर जा रहे थे। कार ने टैक्सी को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे टैक्सी पलट गई। कार चालक घटनास्थल से फरार हो गया। वर्ली पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है और उसका पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। वर्ली पुलिस के अनुसार, दुर्घटना शनिवार सुबह 11:20 बजे हुई। एक सफेद रंग की कार और एक टैक्सी दोनों वर्ली से बांद्रा की ओर जा रही थीं।

कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और टैक्सी को टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गई। टैक्सी चालक, मीरा रोड (पश्चिम) निवासी 49 वर्षीय अमजर हुसैन खान को पैर में चोटें आईं इस बीच, कार चालक मौके से फरार हो गया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने पुलिस को बताया कि कार चालक के साथ उसका परिवार या कुछ अन्य लोग भी थे। हालाँकि, घटना के बाद, न तो कार चालक और न ही उसमें सवार लोग घटनास्थल पर रुके।

# मुंबई : संपत्ति विवाद में एक व्यक्ति ने अपने दोस्त पर कथित तौर पर गोलियां चला दीं; आरोपी फरार



**मुंबई** : रविवार सुबह मलाड पूर्व के पठान वाड़ी में गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, संपत्ति विवाद में एक व्यक्ति ने अपने दोस्त पर कथित तौर पर गोलियां चला दीं। एक-दो राउंड फायरिंग हुई, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही कुरार पुलिस मौके पर पहुँची और जाँच शुरू कर दी।

गोलीबारी के बाद आरोपी फरार हो गया। मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# मुंबई : एएनसी ने शहर के विभिन्न इलाकों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 ड्रग्स तस्करों को किया गिरफ्तार

**मुंबई :** क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) ने शहर के विभिन्न इलाकों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन में 2 करोड़ 4 लाख रुपए मूल्य की ड्रग्स बरामद की गई, जिसमें 198 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी/म्याऊ म्याऊ), 6.233 किलोग्राम गांजा, 346 ग्राम हेरोइन और 3,460 नशीली गोलियां शामिल हैं। यह कार्रवाई धारावी, बांद्रा, भायखला, गोवंडी, गोरेगांव, मालवणी, बोरीवली और माहिम जैसे इलाकों में की गई।

एएनसी की आजाद मैदान, बांद्रा, कांदिवली, वर्ली और घाटकोपर यूनिट्स ने संयुक्त रूप से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। बरामद नशीले पदार्थों में नाइट्रोजेपाम, एल्प्रोजोलम और ट्रामाडोल जैसी नियंत्रित दवाओं की 3,460 गोलियां शामिल हैं। मुंबई पुलिस की इस कार्रवाई का मकसद शहर को नशा मुक्त बनाना और नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी पर अंकुश लगाना है। धारावी इलाके में आजाद मैदान यूनिट ने एमडी की अवैध बिक्री



का भंडाफोड़ किया। इस छापेमारी में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 42 लाख रुपये मूल्य का 140 ग्राम मेफेड्रोन बरामद किया गया। बांद्रा यूनिट ने अलग-अलग छापों में दो व्यक्तियों से 849 ग्राम गांजा (21,225 रुपए मूल्य) और 15 ग्राम हेरोइन (6 लाख रुपए मूल्य) जब्त की। वर्ली यूनिट ने भायखला इलाके में 1.182 किलोग्राम गांजा (59,100 रुपए मूल्य) बरामद कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। वहीं, माहिम इलाके से 310 ग्राम हेरोइन (1.24 करोड़ रुपए मूल्य) जब्त की गई। घाटकोपर यूनिट ने गोवंडी इलाके से 10.4 लाख रुपए से अधिक मूल्य की 3,460 नशीली गोलियां बरामद कीं। गोरेगांव पूर्व, बोरीवली पश्चिम और मलाड पश्चिम में की गई छापेमारी में 58 ग्राम मेफेड्रोन, 21 ग्राम हेरोइन और 4.202 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। एएनसी ने सभी 11 आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। मुंबई क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। एएनसी लगातार ऐसी गतिविधियों पर नजर रख रही है और शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मुंबई : सीएसएमटी मेट्रो स्टेशन; यात्रियों के लिए नया ऐतिहासिक पारगमन केंद्र

**मुंबई :** मुंबई के यात्रियों के लिए अब एक नया ऐतिहासिक पारगमन केंद्र उपलब्ध है क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) मेट्रो स्टेशन के खुलने से आधुनिक बुनियादी ढाँचे का शहर के ऐतिहासिक आकर्षण के साथ मेल हो गया है। मुंबई मेट्रो के विस्तार का हिस्सा यह स्टेशन यूनेस्को की विश्व धरोहर सीएसएमटी इमारत के बगल में स्थित है, जो विरासत और नवाचार का एक अनूठा मिश्रण प्रस्तुत करता है।



स्टेशन का प्रवेश द्वार एक कांच के गुंबद से प्रभावित करता है जो मुंबई के क्षितिज के सामने प्रतिष्ठित सीएसएमटी संरचना को दशार्ता है। इसकी जालीदार छत दिन के समय प्राकृतिक प्रकाश को अंदर आने देती है, जबकि एलईडी लाइटें रात में एक भविष्यवादी माहौल बनाती हैं। शहरी वास्तुकारों का कहना है कि यह एक ऐसे पारगमन केंद्र का एक दुर्लभ उदाहरण है जहाँ विरासत और आधुनिक डिजाइन सामंजस्यपूर्ण रूप से सह-अस्तित्व में हैं। अंदर, यात्रियों को विशाल कॉनकोर्स, पॉलिश किए हुए ग्रेनाइट फर्श और ऊँची छतें मिलेंगी जो मुंबई की भारी दैनिक भीड़ को संभालने के लिए डिजाइन की गई हैं। दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए एस्केलेटर, लिफ्ट और स्पर्शनीय मार्गदर्शक पट्टियों के साथ सुगमता को प्राथमिकता दी गई है। अंग्रेजी, हिंदी और मराठी में साइनबोर्ड सुगम नेविगेशन सुनिश्चित करते हैं।

# मुंबई : 1.50 लाख रुपये मूल्य की 6 ग्राम कोकीन दो विदेशी नागरिक हेरोइन रखने के आरोप में गिरफ्तार

**मुंबई :** वनराई पुलिस ने दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया, जिनमें से एक आइवरी कोस्ट और दूसरा नाइजीरिया का था। उनके पास कथित तौर पर 1.50 लाख रुपये मूल्य की 6 ग्राम कोकीन थी, जिसे बेचने का इरादा था। पुलिस के अनुसार, नवरात्रि उत्सव के दौरान गश्त कर रहे एक आतंकवाद-रोधी दस्ते ने गोरेगांव पूर्व में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर वनेरी अस्पताल के गेट के सामने 31 वर्षीय नाइजीरियाई नागरिक राउल गॉडविन और 26 वर्षीय आइवरी कोरियन नागरिक एंडुसी अजा का संदिग्ध व्यवहार देखा। तलाशी में कोकीन बरामद हुआ, जिससे उनके बेचने के इरादे की पुष्टि हुई।

दोनों मीरा रोड पश्चिम में रहते हैं। बोरीवली



में हेरोइन जब्ती एक अन्य कार्रवाई में, कस्तूरबा पुलिस ने 22 सितंबर को बोरीवली पूर्व के दौलत नगर स्थित नूतन नगर रेलवे ट्रैक के पास 30 वर्षीय समीर शौकत अली को कथित तौर पर 1.50 लाख रुपये मूल्य की 6 ग्राम हेरोइन रखने के आरोप में गिरफ्तार किया, जिसे भी बेचने का इरादा था। संदिग्ध व्यक्ति ने अपनी पहचान के बारे में पूछे गए सवालों से बचने की कोशिश की, जिसके कारण उसकी तलाशी ली गई।

# लाइफगार्ड की संख्या 93 से बढ़ाकर 137 करने का निर्णय



**मुंबई :** बीएमसी ने मुंबई फायर ब्रिगेड (एमएफबी) के तहत लाइफगार्ड सेवाओं के संचालन, रखरखाव और संचालन के लिए तीन साल की अवधि के लिए एक निजी एजेंसी की नियुक्ति हेतु एक निविदा जारी की है। शहर के समुद्र तटों पर लगातार बढ़ती पर्यटकों की संख्या और पर्यटकों की सुरक्षा बढ़ाने की आवश्यकता को देखते हुए, बीएमसी ने लाइफगार्ड की संख्या 93 से बढ़ाकर 137 करने का भी निर्णय लिया है। अधिक कवरेज के लिए उच्च जोखिम वाले समुद्र तटों की पहचान तीन तरफ से अरब सागर से घिरे मुंबई की तटरेखा 149 किलोमीटर लंबी है।

पर्यटकों की संख्या, समुद्री धाराओं और समुद्र तट के भूभाग जैसे कारकों के आकलन के आधार पर, एमएफबी ने डूबने की घटनाओं के लिए प्रवण छह उच्च जोखिम वाले समुद्र तटों की पहचान की है। इनमें शहर के गिरगांव और दादर के साथ-साथ उपनगरों में जुहू, वसोर्वा, अक्सा और गोराई शामिल हैं। ये लोकप्रिय समुद्र तटीय स्थल प्रतिवर्ष लाखों पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, विशेष रूप से मानसून के मौसम में, जब पर्यटक ऊंची लहरों को देखने के लिए एकत्र होते हैं, तथा अक्सर खतरनाक रूप से उबड़-खाबड़ समुद्र के करीब पहुंच जाते हैं।

# मुंबई एयरपोर्ट पर गरबा और डांडिया; वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल...

**मुंबई :** देशभर में नवरात्रि की धूम है. इस मौके पर गरबा और डांडिया के फोटो और वीडियो कई फोटो सामने आ रही हैं. मुंबई एयरपोर्ट का भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. इस वीडियो में कर्मचारी और यात्री गरबा करते नजर आ रहे हैं. कुछ



दिनों पहले गुजरात एयरपोर्ट का भी ऐसा एक वीडियो वायरल हुआ था. बता दें कि कुछ दिनों पहले सॉइल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हुआ था. वीडियो में मुंबई के एसी लोकल में कुछ महिलाएं गरबा करती नजर आ रही थी. ये वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया था. बीते कुछ दिनों में देशभर से गरबा के ऐसे ही वायरल वीडियो सामने आए हैं जिनसे लोगों में जोश भर गया है. नवरात्रि के पावन पर्व पर मुंबई एयरपोर्ट का नजारा सोमवार को कुछ अलग ही दिखाई दिया। आम दिनों की भागदौड़ और यात्रियों की भीड़ के बीच एयरपोर्ट परिसर गरबा की धुनों से गूंज उठा। यहां न केवल एयरपोर्ट स्टाफ बल्कि यात्री भी इस आयोजन का हिस्सा बने और माता रानी की भक्ति में डूबकर गरबा खेलते नजर आए। एयरपोर्ट पर मौजूद लोगों ने पारंपरिक परिधानों में सजकर गरबा किया। माहौल पूरी तरह से धार्मिक उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास से भर गया। ढोल और संगीत की ताल पर यात्रियों और कर्मचारियों ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया। नवरात्रि पर्व पर आयोजित यह कार्यक्रम लोगों के लिए बेहद खास अनुभव साबित हुआ।

एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए यह आयोजन किया था, ताकि लोग यात्रा के बीच भी त्योहार की खुशियों से जुड़ सकें। इस पहल को यात्रियों ने भी खूब सराहा और इसे भारतीय संस्कृति की झलक बताया। कई यात्रियों ने कहा कि एयरपोर्ट जैसे व्यस्त स्थान पर इस तरह का आयोजन देखना सुखद रहा। उन्होंने कहा कि यात्रा की थकान इस आयोजन के कारण पलभर में दूर हो गई। वहीं, कर्मचारियों ने भी माना कि ऐसे कार्यक्रम से कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल बनता है और त्योहारों की खुशी सबके बीच साझा होती है।

नवरात्रि में गरबा खेलना देवी दुर्गा की उपासना का विशेष हिस्सा माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान गरबा खेलने से माता रानी की कृपा प्राप्त होती है और घर-परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इसी कारण देशभर में नवरात्रि के अवसर पर गरबा उत्सव बड़े उत्साह से आयोजित किए जाते हैं।

# आर्थर रोड जेल में अधिकारी पर हमला...




**मुंबई :** मुंबई की आर्थर रोड जेल में एक कैदी ने जेल अधिकारी पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आर्थर रोड जेल प्राधिकरण के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब अधिकारी राकेश चव्हाण कैदियों के बीच हो रहे झगड़े में हस्तक्षेप करने का प्रयास कर रहे थे।

यह झगड़ा एक बैरक में शुरू हुआ, जहाँ कैदी अफ्फान सैफुद्दीन खान दो-तीन अन्य कैदियों से भिड़ रहा था। जैसे ही अधिकारी चव्हाण झगड़े को रोकने के लिए आगे आए, अफ्फान ने अचानक उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे अधिकारी की दाहिनी आँख के पास गहरी चोट आई।

# एक्सप्रेस ट्रेनों के डब्बों से जेडएस कपलर चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश

## आरपीएफ ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार



**मुंबई :** वाड़ीबंदर रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने एक्सप्रेस ट्रेनों के डब्बों से जेडएस कपलर चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गैंग ने ट्रेनों की सुरक्षा और यात्रियों की सुविधा से खिलवाड़ करते हुए इन अत्यंत महत्वपूर्ण उपकरणों को चोरी किया। आरपीएफ ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने यूट्यूब वीडियो देखकर चोरी की पूरी योजना बनाई थी। बता दें कि जेडएसकपलर नई एलएचबी रेलवे कोचों में लगते हैं और इनकी मदद से एक कोच से दूसरे कोच तक बिजली की सप्लाई की जाती है। इनमें कॉपर वायर लगे होते हैं, जिन्हें निकालकर आरोपी भारी मुनाफे के लिए बेचने की फिराक में थे। चोरी किया गया एक कपलर लगभग एक लाख रुपये कीमत का होता है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हिरामन झोटिया चौधरी, अर्जुन किशोर चौधरी और मन्नू मदन प्रसाद के रूप में हुई है। ये तीनों माहिम ईस्ट की झोपड़पट्टी में रहते हैं और रेलवे में ठेकेदार मजदूर के तौर पर काम करते हैं। इनका काम रेलवे ट्रैक पर लगे पेड़ों की कटाई करना था, लेकिन इसी दौरान इन्होंने कपलर चोरी की योजना बनाई। चौथा आरोपी सुमरण गंगा राम गुप्ता (44) माहिम वेस्ट में कबाड़ की दुकान चलाता है और वही चोरों का मास्टरमाइंड था। उसने न केवल चोरी की योजना बनाई बल्कि चोरी किए गए माल को ठिकाने लगाने की जिम्मेदारी भी ली।


आरपीएफ के इंचार्ज बृजेश कुमार ने बताया कि आरोपियों को पता था कि गणपति विसर्जन के दौरान पुलिस और सुरक्षाबल भीड़ नियंत्रण और अन्य जिम्मेदारियों में व्यस्त रहेंगे। इसी का फायदा उठाकर इन्होंने चोरी को अंजाम दिया। कारखानों और रेलवे यार्ड में काम करने के दौरान आरोपियों ने सीखा था कि कपलर कैसे लगाए और निकाले जाते हैं। इसके बाद और जानकारी हासिल करने के लिए उन्होंने यूट्यूब पर वीडियो देखकर तकनीक सीखी और खुद को इसके लिए तैयार किया। घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ ने गंभीरता दिखाई।

# युवक की ऊँची इमारत की 11वीं मंजिल से गिरकर मौत



**मुंबईः** डोंबिवली के वंदे मातरम कॉलेज का छात्र ऋषिकेश शर्विल परब (21) ने अपने ही घर की इमारत की 11वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, प्रेमिका से हुए जोरदार झगड़े के बाद उसने यह खौफनाक कदम उठाया। घटना परब के निवास स्थान पर घटी। जानकारी के मुताबिक वह अपने परिवार के साथ इमारत के 5वें माले पर रहता था, लेकिन आत्महत्या के लिए वह सीधे 11वें माले पर जाकर फायर डक्ट से कूद गया। लोगों ने बताया कि वो शनिवार की सुबह 8 बजे से इमारत के फायर डक्ट में ही बैठा था। लोगों ने जब परब को वहां बैठा देखा तो आशंका थी कि वह कूद जाएगा। लोगों ने आनन फानन में अग्निशमन दल को कॉल किया , लेकिन उसके मौके पर पहुंचने के बाद परब ने उन्हें देखा, लोग शोर मचाते रहे लेकिन उसने छलांग लगा दी। छत से गिरते ही उसकी मौत हो गई। उसे बचाया नहीं जा सका। इस दुखद घटना से पूरे परिसर में सनसनी फैल गई। उसके परिवार में जब सुना तो सुनते ही परिवार में शोक और हड़चल फैल गई । ऋषिकेश वंदे मातरम कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। घटना के बाद पुलिस ने पंचनामा कर जांच शुरू कर दी है। उसकी प्रेमिका से भी पूछताछ की जाएगी और हत्या की वजह का पता लगाया जाएगा।

# नवी मुंबई : पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन के संयुक्त मुख्य नियंत्रक भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार



**नवी मुंबईः** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन के संयुक्त मुख्य नियंत्रक राजेंद्र रावत को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एक निजी व्यक्ति राहुल बाचाटेको को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों को विशेष केंद्रीय जांच ब्यूरो न्यायालय, ठाणे ने पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय जांच ब्यूरो को सूचना मिली थी कि पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन के वरिष्ठ अधिकारी ने निजी सलाहकारों और एजेंटों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर रिश्वतखोरी की है। इसके आधार पर ट्रैप ऑपरेशन चलाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

जानकारी के अनुसार, ऑपरेशन के दौरान आरोपी अधिकारी के घर पर एक निजी व्यक्ति को पैकेज देते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने 9 लाख रुपए रिश्वत अधिकारी की पत्नी को दिए थे। इसके अलावा, 7.5 लाख नकद भी जब्त किए गए, जिनका स्रोत स्पष्ट नहीं हुआ। आरोपी अधिकारी के कार्यालय की तलाशी के दौरान एक अन्य एजेंट ने 8 लाख रुपए रिश्वत देने की बात कबूल की, जो उनकी गाड़ी से बरामद हुई। साथ ही एक आर्किटेक्ट ने 1.5 लाख रुपए रिश्वत देने की बात स्वीकारी, जो किसी अन्य सरकारी अधिकारी को दी जाने वाली थी।

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अब तक आरोपी अधिकारी और निजी व्यक्ति के निवास और कार्यालय से कुल 26 लाख रुपए नकद जब्त किए हैं। इसके साथ ही कई संदिग्ध दस्तावेज, चैट्स और पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन आवेदन की सूची भी सीज की गई है। केंद्रीय जांच ब्यूरो का कहना है कि आरोपी अधिकारी ने निजी सलाहकारों और एजेंटों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया और मामले की जांच जारी है। विशेष केंद्रीय जांच ब्यूरो कोर्ट में पेश किए जाने के बाद दोनों को 1 अक्टूबर 2025 तक 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया। केंद्रीय जांच ब्यूरो का कहना है कि इस मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है।

# मुंबई : उद्धव ठाकरे को कोई हक नहीं है कि वे हमारे मुख्यमंत्री फडणवीस को हिदायत दें –राम कदम



**मुंबईः** नेता राम कदम ने शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे को कोई हक नहीं है कि वे हमारे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को हिदायत दें। देवेंद्र फडणवीस सरकार हर व्यक्ति के हितों को विशेष प्राथमिकता देती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देवेंद्र फडणवीस की सरकार हमेशा से ही किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रही है और हमेशा उनके बारे में सोचा है। लिहाजा, मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि किसानों को हमारे रहते हुए घबराने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जनता उस दिन को नहीं भूल सकती है जब कोविड काल में उद्धव ठाकरे अपने बंगले में बैठकर बिरयानी खा रहे थे। अब ऐसे लोग हमें नसीहत न ही दें तो बेहतर रहेगा। ऐसे लोगों के सुझावों की हमें कोई जरूरत नहीं है। हमारी सरकार हमेशा से ही जनता के हितों को तवज्जो देती आई है और आगे भी देती रहेगी। लोगों के हितों के साथ हमारी सरकार किसी भी प्रकार का समझौता नहीं कर सकती।

उन्होंने कहा कि मैं उद्धव ठाकरे से पूछना चाहता हूं कि वह बहुत 'किसान-किसान' कर रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि उन्होंने अब तक किसानों को कौन-कौन सी सहायता प्रदान की है, जरा खुलकर बताएंगे। सच्चाई तो यह है कि इन लोगों ने आज तक किसानों के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा विधायक ने कहा कि उद्धव ठाकरे इस बात को भलीभांति समझ लें कि इस सरकार को उनके सुझाव की कोई आवश्यकता नहीं है। हमारी सरकार किसानों के साथ हमेशा खड़ी थी और आगे भी खड़ी रहेगी। किसानों के हितों के साथ कोई खिलवाड़ हमें स्वीकार्य नहीं है। भाजपा नेता रामकदम ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की ओर से आतंकवाद के संबंध में दिए बयान को उनके डर की उपज करार दिया। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में हमारा भारत बदल रहा है। इसकी सामरिक शक्ति मजबूत हो रही है। यह उसी का नतीजा है कि आज की तारीख में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस तरह का बयान देने पर मजबूर हो चुके हैं।

# मुंबई : पुलिस ने पूर्वी उपनगरों के नागरिकों को 89.79 लाख रुपये की चोरी और खोई हुई संपत्ति वापस की

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने शहर के पूर्वी उपनगरों, जिनमें मुलुंड, घाटकोपर, भांडुप, कांजुरमार्ग और विक्रोली जैसे इलाके शामिल हैं, के नागरिकों को 89.79 लाख रुपये की चोरी और खोई हुई संपत्ति सफलतापूर्वक बरामद कर वापस कर दी है। विशेष हैंडओवर कार्यक्रम का आयोजन 27 सितंबर की शाम को जैनम हॉल, एलबीएस मार्ग, भांडुप (पश्चिम) में आयोजित एक विशेष हैंडओवर कार्यक्रम में, पुलिस उपायुक्त (जोन 7), राकेश ओला द्वारा बरामद संपत्ति उनके असली मालिकों को लौटा दी गई।




अधिकारियों के अनुसार, जोन 7 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पुलिस स्टेशन - भांडुप, घाटकोपर, पंतनगर, विक्रोली, पार्कसाइट, कांजुरमार्ग, मुलुंड और नवघर - स्नैचिंग, सशस्त्र डकैती, घरों में सेंधमारी, मोबाइल चोरी और संपत्ति की चोरी या नुकसान के अन्य मामलों सहित कई मामलों की जाँच कर रहे थे। तकनीकी जाँच तकनीकों और व्यवस्थित अनुवर्ती कार्रवाई का उपयोग करके, पुलिस लगभग 90 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति का पता लगाने और उसे जब्त करने में सफल रही।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com